## श्रीमती देवन्ति यादव, माननीया स॰वि॰स॰ से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं॰ 18/02/1446 का उत्तर प्रतिवेदनः-

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:. क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड भरगामा से होकर गुजरने वाली नदी हिरन, बिलेनिया खर्रा धार में अत्यधिक गाद भर जाने से मुख्य धारा प्रवाहित होने में बाधा उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी में भरी गाद की कब तक सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ? | वस्तुस्थिति यह है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड के मृदोल चौर से बिलेनिया (हिरन) धार निकलती है जो भरगामा प्रखंड होते हुए रानीगंज प्रखंड में कजरा धार में मिल जाती है। खर्रा धार नेपाल से होते हुए अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड में प्रवेश करती है एवं फारबिसगंज प्रखंड होते हुए रानीगंज प्रखंड में कजरा धार में मिल जाती है। बिलेनिया (हिरन) धार एवं खर्रा धार की कुल लंम्बाई क्रमशः 50 कि॰मी॰ एवं 40 कि॰मी॰ है।<br>वर्तमान में इस धार के तल की औसत गहराई 1.25 मी0 से 2.00 मी0 है। बिलेनिया (हिरन) तथा खर्रा धार बरसाती धार है, जिसमें मानसून अवधि में अत्यधिक वर्षापात होने पर आसपास के इलाके में पानी फैलता है जो दो से तीन दिनों में स्वतः धार में वापस चला जाता है। नदी के प्रवाह में किसी भी प्रकार का अवरोध नही है एवं जल निकासी सुगमता से हो जाती है।<br>बिलेनिया (हिरन) तथा खर्रा धार में वर्तमान में गाद सफाई की आवश्यकता प्रतीत नही होती है। |

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–49/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टदश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/1446 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–49/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–49/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–49/2026– 1004 पटना, दिनांक–25/02/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24.02.26

(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

24.02.26